**Title:** Need to construct a bridge on the river Beso near Vrindavan Village Panchayat, Saidpur in Uttar Pradesh.

**श्री तूफानी सरोज (सैदपुर) :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं पूर्वी उत्तर प्रदेश के सर्वाधिक पिछड़े क्षेत्र सैदपुर संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं। यह क्षेत्र न केवल आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है बल्कि आवागमन के मामले में भी बहुत उपेक्षित रहा है। मेरे चुनाव क्षेत्र से तीन-चार नदियां गुजरती हैं। राष्ट्रीय एवं राज्य मार्ग पर तो इन नदियों पर पुल बने हुए हैं पर बाकी क्षेत्र के अंदरुनी हिस्सों में बनी सड़कों पर पुल न होने की वजह से जनता को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है।

इसी तरह की एक सड़क सादात से जखनिया होकर दुल्लहपुर में गाजीपुर-आजमगढ़ मार्ग में जुड़ती है। पर इस मार्ग को बेसो नदी दो हिस्सों में बांट देती है। परिणामस्वरूप बरसात के दिनों में लोगों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है। यदि किसी को वाराणसी जाना होता है तो उसे 40 कि.मी. घूम कर जाना पड़ता है। यदि इस मार्ग पर वृंदावन गांव सभा के पास उदंती नदी पर एक पुल बना दिया जाता तो लोगों को आवागमन में काफी सुविधा हो जाती।

मैं उपाध्यक्ष जी के माध्यम से माननीय भूतल परिवहन मंत्री जी से मांग करता हूं कि जनहित में बेसो नदी पर वृंदावन गांव सभा के पास पुल निर्माण कराया जाए।

(c2/1310/am-krr)

**नियम 377 के अधीन मामले**